दिनांक 26.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान की उपस्थिति में निगम जनदर्शन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन को निगम आयुक्त श्री चौहान के द्वारा अवलोकन कर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारी को उक्त आवेदन के निराकरण के संबंध में निर्देश दिये गये।

प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का सुक्ष्म परीक्षण कर आवेदनानुसार स्थल निरीक्षण कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाती है। निगम आयुक्त के द्वारा जनदर्शन में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदनों की समीक्षा स्वयं करते हैं, तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग प्रमुख को दिये जाते हैं।

आज निगम जनदर्शन में विभिन्न मांगों को लेकर क्षेत्र के आम नागरिकों के द्वारा कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन में मूल रुप से सफाई व्यवस्था, बाधित नाली को सफाई कराने, संधारण कार्य, झुले लगाने, बंद पड़े खम्बों में एलईडी लगाने, सीसी निर्माण रोड निर्माण, सुलभ शौचालय खुलवाने, अतिक्रमण हटाने, रामनगर मुक्तिधाम में जलाउ लकड़ी उपलब्ध कराने, भैंस खटाल हटाने, मिनी पानी टंकी निर्माण, जर्जर नाली, पुलिया निर्माण, पेयजल समस्या, शा.नवीन.प्राथ. शाला केम्प–02 संधारण, प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास देने, रैश्ने आवास आबंटन, पेंशन राशि दिलाने, सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन निगम जनदर्शन में प्राप्त हुए।

जनसम्पर्क अधिकारी